आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.05.2025 समय : 1905

- आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राष्ट्र वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों के योगदान को याद कर रहा है।
- सरकार ने कहा है कि युद्ध के कई गेमिंग वीडियो हाल के भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में प्रसारित किए जा रहे हैं।
- दक्षिण अण्डमान के होटलों को सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से सम्मानित किया गया।
- जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, अण्डमान एसोसिएशन ऑफ टूर–ऑपरेटर्स के सहयोग से रोजगार मेला का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने हमारे वैज्ञानिकों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया तथा उन्नीस सौ अट्ठानबें के पोखरण परीक्षणों को याद किया। उन्होंने विज्ञान और अनुसंधान के माध्यम से भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर भारत उन वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों को नमन करता है, जो देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नई तकनीक विकसित करके योगदान देते हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्र गर्व के साथ उन वैज्ञानिकों के असाधारण प्रयासों को याद करता है, जिनके कारण उन्नीस सौ अट्ठानबे में पोखरण में सफल परीक्षण हुए थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि युद्ध के कई गेमिंग वीडियो हाल के भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में प्रसारित किए जा रहे हैं। लोगों को ऐसे प्रोपेगंडा से बचने की सलाह दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक इकाई ने कहा है कि सोशल मीडिया पर ऐसे गेमिंग वीडियो बड़ी संख्या में

दिखाये जा रहे है। रक्षा मंत्री के कार्यालय के नाम से व्हाट्सएप पर ऐसा संदेश भी प्रसारित हो रहा है जिसमें भारत पाकिस्तान संघर्ष की स्थिति के मद्देनजर नागरिक तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह संदेश फर्जी है और सरकार ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है। इस संवेदनशील समय में प्रत्येक जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच करना महत्वपूर्ण है। कोई भी संदिग्ध सामग्री विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से संबंधित किसी भी जानकारी की सूचना पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट को देनी चाहिए। ऐसी सामग्री व्हाट्सएप नंबर – 8 7 9 9 7 1 1 2 5 9 और ईमेल आई डी – फैक्ट चैक एट पी आई बी डॉट जी ओ वी डॉट आई एन पर भी भेजी जा सकती है।

<><><><><><><>

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि बोर्ड के अधिकारी और आई पी एल संचालन परिषद प्रतियोगिता पूरा करने के संभावित कार्यक्रम पर चर्चा करेंगे। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बोर्ड ने शुक्रवार को आई पी एल निलंबित कर दिया था। प्रतियोगिता के 16 मैच शेष हैं।

<><><><><><><>

प्रशासन का मत्स्य विभाग यूटी योजना के तहत मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नौकाओं के निर्माण और खरीद के लिए सब्सिडी कार्यक्रम क्रियान्वित कर रहा है। इसका उद्देश्य द्वीपों के मछली उत्पादन को बढ़ाने में सहायता करना है। इसके अंतर्गत सामान्य मछुआरों, स्थानीय बेरोजगार युवाओं, स्थानीय उद्यमियों, द्वीपसमूह की मत्स्य सहकारी समितियों के लिए प्रशासन के मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित लागत का पचास प्रतिशत सब्सिडी प्रदान किया जाएगा, जबकि द्वीपसमूह की अनुसूचित जन–जाति, जनजातीय सहकारी समितियों के लिए मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित लागत का पचहत्तर प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। इस संबंध में वर्ष– दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केन्द्रशसित प्रदेश योजना के तहत मशीनीकृत मत्स्यहरण नौकाओं के निर्माण और खरीद में रूचि रखने वाले इच्छुक मछुआरों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म मत्स्य निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय या निकटतम मत्स्य उपकेन्द्रों में इक्कतीस मई तक जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित आवेदन पत्र प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के होटलों को सत्त पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से सम्मानित किया गया। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने हाल ही में ज़िला आयुक्त कार्यालय में आयोजित समारोह में होटलों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। भारत के आतिथ्य क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शुरू किया गया यह एक राष्ट्रीय स्तर का प्रामणन है। यह रेटिंग पर्यटन मंत्रालय, स्वच्छ भारत शहरी मिशन और जलशक्ति मंत्रालय के पेय जल और स्वच्छता विभाग की एक संयुक्त पहल हैं। इसके अंतर्गत विशिष्ट निरीक्षण टीमों के नेतृत्व में होटलों का व्यापक मूल्यांकन किया गया। इनमें होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे द्वारा अपनाए गए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों, स्वच्छता बुनियादी ढ़ांचे और पर्यावरणीय स्थिरता उपायों की समीक्षा की गई। टीम द्वारा एक सौ सैंतालिस प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सचिव अज़हरूद्दीन–ज़हरूद्दीन काज़ी, अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के होटिलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिश अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग अंडमान स्टारगेज़िंग के साथ मिलकर द्वीपसमूह में एस्ट्रो टूरिज़्म की संभावनाओं पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित करेगा। यह व्याख्यान कल शाम साढ़े पांच बजे से रात आठ बजे तक कार्बाइंस–कोव तट पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रात के समय पर्यटन के अनुभव को बढ़ावा देने के लिए द्वीपों में खगोल पर्यटन के अवसरों को बढ़ाना है। इस दौरान पेशेवर दूरबीनों के साथ पूर्ण चन्द्र के साथ सही समय पर स्टारगेजिंग की जाएगी। पर्यटकों, छात्रों, खगोल विज्ञान के प्रति रूचि रखने वाले लोगों, प्रकृति प्रेमियों और आम लोगों के लिए यह आयोजन निःशुल्क रहेगा।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, अण्डमान एसोसिएशन ऑफ टूर–ऑपरेटर्स के सहयोग से तेरह मई को रोजगार मेला का आयोजन करेगा। यह मेला कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। मेले का उद्देश्य छात्रों को बेहतरीन कैरियर के अवसर प्रदान करना है। इसमें बी बी ए–पर्यटन, बी–कॉम, एम–कॉम, बी सी ए, बी ए, एम–ए, एम एस सी, बी एस सी और बी पी ई एस के अंतिम वर्ष या पाठ्यक्रम पूरा कर चुके छात्र भाग ले सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित कम्पनियां योग्य उम्मीदवारों की भर्ती के लिए कार्यक्रम में भाग लेंगी। इच्छुक छात्रों को गुगल–फार्म भर कर पंजीकरण करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कार–निकोबार में बाल विकास परियोजना अधिकारी के विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पद है– जेण्डर स्पेस्लिस्ट, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक और डाटा इंट्री ऑपरेटर। यह नियुक्तियां ज़िला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के तहत अनुबंध के आधार पर की जाएंगी। योग्य उम्मीदवार तीस मई शाम पांच बजे तक अपने आवेदन स्पीड–पोस्ट के माध्यम से या सीधे कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

जहाजरानी निदेशालय ने एम वी कैम्पबेल–बे की यात्रा की संभावित तिथि की घोषणा की है। जहाज श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए तेईस मई को शाम चार बजे रवाना होगा और विशाखापत्तनम से अट्ठाईस तारीख को शाम चार बजे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। अग्रिम टिकटों की बुकिंग पन्द्रह मई से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच की जा सकती है। यात्री स्टार्स टिकटिंग काउंटर या ई–टिकटिंग पोर्टल से भी टिकट बुक करा सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ–एक स्थानों पर वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लौंग आइलैण्ड में पन्द्रह और वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में शून्य दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि तेरह और चौदह मई को द्वीपसमूह के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होगी। मछुआरों को अगले पांच दिनों तक समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है।

<><><><><><><>